दिन—शुक्रवार दिनांक— 22 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यभर में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत लगभग छह करोड़ रूपये मूल्य की सम्पत्ति जब्त।

02. राष्ट्रीय जनता दल ने पाटलिपुत्रा से मीसा भारती, उजियारपुर से आलोक मेहता, बांका से जय प्रकाश यादव और मुंगेर से अनिता महतो को उम्मीदवार बनाया।

03. सुपौल जिले में कोसी नदी पर बन रहे देश के सबसे लंबे पुल का गर्डर गिर जाने से एक मजदूर की मौत, दस घायल। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने उच्चस्तरीय जांच का दिया आदेश।

04. और, बिहार आज अपना एक सौ बारहवां स्थापना दिवस मना रहा है। आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर राजकीय समारोह का नहीं हुआ आयोजन।

———————————————————

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यभर में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत लगभग छह करोड़ रूपये मूल्य की सम्पत्ति जब्त की गयी है। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान एक करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की शराब जब्त की गयी है। वहीं, लगभग चौबीस लाख रूपये मूल्य के मादक पदार्थ भी जब्त किये गये हैं। आयोग ने कहा है कि सरकारी और निजी सम्पत्तियों पर पोस्टर और बैनर लगाने के पचास से अधिक मामलों पर कार्रवाई भी की गयी है।

———————————————————

आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग भ्रामक सूचना की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। आयोग ने सभी हितधारकों को भ्रामक सूचना और इसे फैलाने वाले लोगों के विरूद्ध सतर्क रहने और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करने के निर्देश दिये हैं। आयोग ने कहा है कि किसी प्रकार की भ्रामक सूचना का प्रसार करने से पहले राजनीतिक पार्टियों को उनकी जांच कर लेनी चाहिए।

———————————————————

निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनावों की तैयारियों में लगा है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए आयोग ने दो हजार एक सौ पर्यवेक्षकों की टीम तैनात की है। यह पर्यवेक्षक देशभर में जिला चुनाव अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों पर निगरानी रखेंगे।

———————————————————

औरंगाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से राजद प्रत्यार्शी अभय कुशवाहा के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। राजद प्रत्याशी पर शहर में कई वाहनों के साथ जुलूस निकालने और नारेबाजी के आरोप में नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

————————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने अपने चार और उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। राजद ने पाटलिपुत्रा से मीसा भारती, उजियारपुर से आलोक मेहता, बांका से जय प्रकाश यादव और मुंगेर से अशोक महतो की पत्नी अनिता महतो को अपना उम्मीदवार बनाया है। पटना में राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने इन प्रत्याशियों को पार्टी का सिम्बल प्रदान कर दिया है। पार्टी ने इससे पहले लोकसभा चुनाव के लिए छह उम्मीदवारों के नाम घोषित किये थे। इनमें गया से कुमार सर्वजीत, नवादा से श्रवण कुशवाहा, जमुई से अर्चना रविदास, औरंगाबाद से अभय कुशवाहा, बक्सर से सुधाकर सिंह और जहानाबाद से सुरेन्द्र यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। इधर, सीपीआई ने भी बेगूसराय लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पटना में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने बताया कि अवधेश कुमार राय बेगूसराय से पार्टी के उम्मीदवार होंगे।

————————————————————————————

और अब पेश है— लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे किशनगंज लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

किशनगंज संसदीय क्षेत्र में दूसरे चरण के तहत छब्बीस अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। जिला पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव सम्पन्न करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

———बाईट— तुषार सिंगला— जिला पदाधिकारी

जिला आईकान और सुरजापुरी लेखिका मिली कुमारी ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए लोगों से मतदान करने की अपील की है।

बाईट— मिली कुमारी— जिला आईकान

लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में काफी उत्सुकता नजर देखी जा रही है। इंटर के छात्र देव कुमार ने कहा कि वह राज्य को विकसित बनाने के लिए अपना वोट देंगे।

बाईट— देव कुमार— युवा वोटर

इधर, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए भी जिला प्रशासन जुटा हुआ है। जगह—जगह से राजनीतिक विज्ञापन हटा दिये गये हैं। विशेष अभियान चलाकर पुलिस वांछित अपराधियों की धर—पकड़ में जुटी हुयी

है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए किशनगंज से विशाल कुमार।

———————————————————————

समस्तीपुर के पटेल मैदान परिसर में स्वीप की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रतिभागियों ने रंगोली बनायी। उप विकास आयुक्त एस.एस.प्रियदर्शी ने इस अवसर पर कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को मतदान में अवश्य भाग लेना चाहिए।

कैमूर प्रशासन की ओर से जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सावन कुमार ने शहर के लिच्छवी भवन में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए लोगों को लोकसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई।

सहरसा में स्वीप कोषांग के सौजन्य से सलखुआ प्रखंड के मध्य विद्यालय बोहरवा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को निश्चित रूप से उत्साह पूर्वक मतदान प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए।

औरंगाबाद में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अगुवायी में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गेट स्कूल औरंगाबाद से गांधी मैदान तक प्रभात फेरी, रैली और साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

———————————————————————

सुपौल जिले में बकौर और मधुबनी जिले के भेजा के बीच कोसी नदी पर बन रहे देश के सबसे लंबे पुल का गर्डर गिर जाने से एक मजदूर की मौत हो गई है। हादसे में दस मजदूर घायल हो गये हैं। घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है और सभी की स्थिति खतरे से बाहर है। सुपौल के जिलाधिकारी कौशल कुमार ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि पुल ध्वस्त होने के मामले की जांच तीन सदस्यीय केंद्रीय टीम करेगी। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली से यह जांच टीम आज सुपौल पहुंच रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि मलबे में फंसे लोगों की तलाश और बचाव का कार्य समाप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पुल के स्पैन को गर्डर पर स्थापित करते वक्त तकनीकी कारणों से यह हादसा हुआ। जिलाधिकारी ने बताया कि मृतक के आश्रित को दस लाख रुपये और घायलों को एक–एक लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध करायी गयी है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस घटना पर खेद प्रकट करते हुये मामले की उच्च स्तरीय जाँच का आदेश दिया है।

———बाईट———

भारत माला परियोजना के तहत बन रहे देश के इस सबसे लम्बे पुल की लम्बाई दस किलोमीटर से अधिक है। पुल का निर्माण दो हजार तेईस तक पूरा होना था, लेकिन कोरोना और बाढ़ के कारण निर्माण का समय बढ़ गया है।

———————————————————————————————

बिहार आज अपना एक सौ बारहवां स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ बारह में बंगाल से अलग कर बिहार को राज्य का दर्जा मिला था। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

राष्ट्रपति, उप–राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने स्थापना दिवस पर बिहारवासियों को बधाई दी है। इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को बिहार दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में राज्यवासियों से बिहार के गौरव को अक्षुण्ण रखते हुए राज्य और देश की प्रगति में योगदान देने की अपील की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में राज्य के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प दोहराया। इधर, आदर्श आचार संहिता को देखते हुए बिहार दिवस पर राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया गया।

———————————————————————————————

पश्चिम विक्षोभ के कारण पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों के कई स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटिहार के अमदाबाद में सबसे अधिक बयालीस मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी। वहीं बक्सर के चौसा में छब्बीस दशमलव आठ, अररिया के जोकीहाट में चौबीस दशमलव आठ और कटिहार में सोलह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार और औरंगाबाद जिले के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

———बाईट———.

———————————————————————————————

कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र की पुलिस ने सकरी पेट्रोल पंप के पास एक घर में छापेमारी कर एक पिस्तौल और पांच कारतूस के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। वहीं, बेगूसराय के छोटी बलिया में एक आभूषण दुकान से लूट के मामले में पुलिस ने मखदूमपुर से दो अपराधियों को तीन देसी पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

गोपालगंज पुलिस ने दियारा इलाके में छापेमारी कर चोरी की सत्रह मोटरसाईकिल और पांच सौ लीटर शराब बरामद किया है।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पिकअप वैन से पुलिस ने चार सौ पांच लीटर विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अरवल जिले के अलग–अलग स्थानों पर उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर लगभग पांच हजार लीटर महुआ शराब नष्ट किया।

———————————————————————————

कैमूर जिले में जीटी रोड पर स्थित चेक पोस्ट के पास पुलिस ने अलग–अलग दो वाहनों से दो हजार तेईस लीटर विदेशी शराब और सात किलो से अधिक गांजा बरामद किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार........... एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यभर में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत लगभग छह करोड़ रूपये मूल्य की सम्पत्ति जब्त।

02. राष्ट्रीय जनता दल ने पाटलिपुत्रा से मीसा भारती, उजियारपुर से आलोक मेहता, बांका से जय प्रकाश यादव और मुंगेर से अनिता महतो को उम्मीदवार बनाया।

03. सुपौल जिले में कोसी नदी पर बन रहे देश के सबसे लंबे पुल का गर्डर गिर जाने से एक मजदूर की मौत, दस घायल। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने उच्चस्तरीय जांच का दिया आदेश।

04. और, बिहार आज अपना एक सौ बारहवां स्थापना दिवस मना रहा है। आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर राजकीय समारोह का नहीं हुआ आयोजन।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।